तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 कर्मचारी ने व्यापारी के सिर पर वार कर लूट लिए 20 लाख रुपए



## खबर संक्षेप

### जिले में रोजगार शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में एसआईएस इंडिया लिमिटेड अनूपपुर मध्यप्रदेश द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक के सहयोग से सभी पुलिस स्टेशन क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं भर्ती अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी के लिए रोजगार शिविर सह रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत 65 वर्षों तक के लिए स्थाई रोजगार प्रदान करने के लिए यह रोजगार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह रोजगार शिविर कैंप 2 जनवरी को थाना क्षेत्र जनकपुर, 3 जनवरी को थाना क्षेत्र झागराखाड़, 5 जनवरी को थाना क्षेत्र खोंगापानी, 6 जनवरी को थाना क्षेत्र खड़गवां, 7 जनवरी को थाना क्षेत्र कोटाडोल, 8 जनवरी को थाना क्षेत्र कुंवारपुर तथा 10 जनवरी को थाना क्षेत्र मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

### अब तक 880992.13 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने बताया कि अनूपपुर जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। पंजीकृत किसानों से सामान्य औसत किस्म का धान 2369 रूपए तथा ग्रेड ए का धान 2389 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। जिले में अब तक 16830 किसानों से 880992.13 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

### जनदर्शन में 27 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 30 दिसंबर को कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए।

### पशुपालकों को कर रहे जागरूक

**अनूपपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन में सतत वृद्धि एवं पशुपालकों की आय में सुधार एवं पशुओं में दुग्ध उत्पादन को दुगना करने के उद्देश्य से संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ.बीबी चौधरी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न दुग्ध समितियों एवं ग्रामों में पशुपालकों से गृह भेंट कर पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु नस्ल सुधार जैसे महत्वपूर्ण घटकों पर जागरूकता बढ़ाया जा रहा है। जिले को प्राप्त लक्षित ग्राम 539 एवं लक्षित पशुपालक 4608 हैं। अभी तक सर्वे पूर्ण पशुपालक 4569 99.15 प्रतिशत हैं।

### वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम




**बैकुण्ठपुर।** 26 दिसंबर को हिंदु, सिख एवं सिंधी समाज द्वारा भारत देश के वीर सपूत जिन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया, लेकिन प्रलोभन और गुलामी स्वीकार नहीं की साथ ही धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए कार्य किया, ऐसे वीर बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की याद में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैकुंठपुर फब्वारा चौक से सांस्कृतिक भवन तक रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों को प्रदर्शनी एवं वीर बालकों के ऊपर विडियो के माध्यम से वीर बालकों के साहस, बलिदान व आदर्शों का संदेश जन-जन तक पहुंचा गया।

### नए वर्ष के जश्न में डूबेंगे जिलेवासी, मध्यरात्रि होंगे कई कार्यक्रम

# आज और कल पिकनिक स्पॉट रहेंगे गुलजार




झुमका जलाशय।



गौरघाट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साल 2025 की विदाई और नया साल 2026 के स्वागत को लेकर आज रात्रि में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित कोरिया और एमसीबी जिले में उमंग व उत्साह भरा हुआ है। लोगों द्वारा पुराने साल की विदाई एवं नए साल के स्वागत के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। उमंग उत्साह के इस मौके पर शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर पुलिस का पहरा रहेगा।

31 दिसंबर साल 2025 का अंतिम दिन है और मध्य रात्रि के बाद नया साल की शुरूआत होगी। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष नए साल के जश्न की तैयारियां लोगों द्वारा की गई है। पुराने साल की विदाई के साथ नए साल के शुभारंभ का स्वागत करने के लिए कई तरह के आयोजन कई जगहों पर किए गए हैं। शहर के एक बडे हॉटल में धूम धड़ाका कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसके अलावा युवाओं के द्वारा जगह-जगह नए वर्ष की तैयारी की गई है। 31 दिसंबर की रात्रि में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहत जिले के कई स्थानों पर नए साल के स्वागत के लिए जश्न की तैयारी की गई है, ऐसे अवसर पर कई लोगों के द्वारा शराब सेवन कर हुड़दंगी की जाती है, ऐसे लोगों पर पुलिस का पहरा रहेगा। पुराने साल की विदाई के साथ नए साल का स्वागत को लेकर जहां लोगों द्वारा तयारियां की गई है, वहीं दूसरी ओर पुलिस भी शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए अपनी तैयारी में है, किसी भी तरह के हुड़दंगियों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

#### बाजार में केक की डिमांड बढ़ी

साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की मध्य रात्रि में नए वर्ष का आगमन होने के साथ ही लोगों के द्वारा अपने-अपने तरीके से स्वागत की तैयारी करते हैं। इस अवसर पर कई लोगों के द्वारा मध्य रात्रि में केक काटकर नए साल का स्वागत करते हैं। यही कारण है कि साल के अंतिम दिन के लिए बाजार में केक की डिमांड बड़ गई, जिसकी एडवांस आर्डर दिए गए।

#### मध्य रात्रि से बधाई का सिलसिला

पुराने साल की विदाई के साथ नए साल 2026 शुरू होगा। आज मध्य रात्रि में जैसे ही घड़ी की सुई 12 बजे को छुएगा, वैसे ही नए वर्ष का बधाई देने का सिलसिला मोबाइल से शुरू हो जाएगा, जो अगले दिन 1 जनवरी को दिन भर चलेगा। अब समय के साथ ग्रीटिंग्स कार्ड का दौर बीत गए, ऐसे में मोबाइल के माध्यम से ही अपनों एवं शुभचिंतकों को बधाई मोबाइल के माध्यम से ही देते हैं।

#### कल पर्यटन स्थलों पर रहेगी भीड़

चालू वर्ष का अंतिम दिन को आज की रात्रि विदाई देने के साथ नए साल का जमकर जश्न मनाकर स्वागत किया जाएगा, वहीं नए साल 2026 के पहले दिन कल 1 जनवरी को जिले के पर्यटन स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। प्रतिवर्ष नए वर्ष के पहले दिन को यादगार दिन बनाने के लिए नए वर्ष के पहले दिन पिकनिक स्थलों एवं प्रमुख पर्यटन केन्द्रों में सैलानियों की जमकर भीड़ एकत्र होती है।

# आज मनेन्द्रगढ़ में लगेगा बहरूपियों का मेला



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विदा ले रहे वर्ष को यादगार बनाने और नववर्ष के स्वागत को सांस्कृतिक उल्लास से भरने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ में बहुरूपिया महोत्सव का भव्य आयोजन 31 दिसंबर को किया जा रहा है। इस रंगारंग आयोजन का संयोजन सांस्कृतिक मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से आए कलाकार अपनी अनोखी कला और पारंपरिक वेशभूषा से दर्शकों का मन मोहेंगे।

खास बात यह है कि इस महोत्सव में प्रतिभागियों के लिए लाखों रूपए के आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं, जिससे कलाकारों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बहरूपिया महोत्सव भारतीय लोक संस्कृति की एक जीवंत परंपरा है, जिसमें कलाकार विभिन्न ऐतिहासिक, पौराणिक, सामाजिक और समसामयिक पात्रों का सजीव रूप धारण कर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। इस आयोजन के माध्यम से न केवल लोककलाओं को मंच मिलेगा, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा। कलाकार अपने अभिनय, हाव-भाव, संवाद शैली और वेशभूषा के माध्यम से दर्शकों को हंसाने, सोचने और भाव-विभोर करने का कार्य करेंगे। सांस्कृतिक मंच मनेन्द्रगढ़ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन वर्ष के अंतिम दिन को यादगार बनाने की एक अनूठी पहल है। पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता और दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। मंच, प्रकाश व्यवस्था और ध्वनि प्रणाली को आकर्षक एवं व्यवस्थित रूप दिया गया है, ताकि कलाकारों की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से लोगों तक पहुंच सके। महोत्सव में भाग लेने वाले बहुरूपिया कलाकारों का मूल्यांकन अनुभवी निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। प्रस्तुति की मौलिकता, चरित्र की जीवंतता, अभिनय कौशल और दर्शकों से संवाद के आधार पर विजेताओं का चयन किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ-साथ कई विशेष पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं, जिनकी कुल राशि लाखों रूपए बताई जा रही है, इससे कलाकारों का मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनी रहेगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश पहुंचे बैकुंठपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 30 दिसंबर को बैकुंठपुर आगमन पर कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय एवं जोशिला स्वागत किया।

इस दौरान कुमार चौक पर पूर्व सीएम श्री बघेल ने कोरिया कुमार डॉ. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को नमन किया। वहीं यहां कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अशोक जायसवाल, मुख्तार अहमद, गणेश राजवाड़े, आशीष यादव, श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, श्रीमती लालमुनी यादव, नजीर अजहर, श्रीमती संगीता राजवाड़े, प्रेमसागर तिवारी, रकिबा बेगम, वेदांति तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, दीपक गुप्ता, प्रशांत सिंह, अंकित गुप्ता, अर्पित गुप्ता, सौरभ गुप्ता, सुमन दुबे, रियाजुद्दीन, सिकंदर खान सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### वरिष्ठजन का साथी एल्डर लाइन हेल्पलाइन

**अनूपपुर।** वरिष्ठजन के लिए टोल फ्री एल्डर लाइन (हेल्पलाइन-14567) वरिष्ठजन के सुख-दुख की साथी है। इनमें विभिन्न समस्याओं पर सुझाव, भावनात्मक सहयोग, काउंसलिंग की गई है। वरिष्ठ नागरिकों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई है। यह केन्द्र सरकार की योजना, मध्यप्रदेश में संचालित की जा रही है। एल्डर लाइन नंबर 14567 हेल्प एज इंडिया द्वारा संचालित है। प्रदेश में नेशनल हेल्प लाइन द्वारा वरिष्ठजन से संबंधित जानकारी, सुझाव, भावनात्मक सहयोग, दुर्घटना, दुर्व्यवहार से बचाव के लिए जानकारी प्रदान की जाती है। यह सेवा वरिष्ठजन की सहायता के लिए प्रातः 8 से सायं 8 बजे तक उपलब्ध है।

### संजीवनी वाहन में नंबर प्लेट नहीं...



**बैकुण्ठपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाली डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहन में नियमों की अनदेखी की जा रही है। लोगों के जीवन बचाने की इतनी जल्दी की वाहन के नंबर प्लेट पर ध्यान ही नहीं, बिना नंबर प्लेट के उक्त वाहन सड़क पर दौड़ रही है। क्या सरकारी सेवा के वाहनों के लिए नियमों की छूट मिली है।

# शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले तीन कर्मी सस्पेंड

■ जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने एक के बाद एक सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की है।

कलेक्टर के निर्देश पर तीन शासकीय कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है, जिससे स्पष्ट संदेश दिया गया है कि शासकीय कार्यों में व्यवधान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा, विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ व्यायाम शिक्षक गोपाल सिंह द्वारा 30 दिसंबर को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यरत लिपिकों को शासकीय कार्य करने से रोका गया तथा कार्यालयीन कार्यों में बाधा उत्पन्न की गई। इस कृत्य को छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-03 का उल्लंघन मानते हुए कलेक्टर के आदेशानुसार उन्हें छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-09 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में नगर पंचायत झगराखांड़ में पदस्थ सफाई कर्मचारी सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा भी कलेक्ट्रेट कार्यालय में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर उनके आचरण को सेवा नियमों के प्रतिकूल पाते हुए उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ निर्धारित किया गया है।

वहीं नगर पंचायत झगराखांड में ही पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक संजय पाण्डेय द्वारा भी कलेक्ट्रेट कार्यालय में शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न किए जाने की पुष्टि होने पर कलेक्टर के आदेशानुसार उनके विरूद्ध भी कठोर कार्रवाई करते हुए तत्काल निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ ⏭ शेष पेज 4 पर

### 49 आवेदन पत्रों में की जनसुनवाई

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने 49 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।

# धूप में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने वर्ष 2025 के अंतिम साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट परिसर के खुले आसमान के नीचे, मीठी धूप में आमजन की समस्याएं सुनीं। बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिन्हें कलेक्टर ने गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि आज वर्ष 2025 का अंतिम जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आम नागरिकों की समस्याएं न केवल सुनीं और समाधान के निर्देश भी दिए।

### दूसरे दिन जारी रही हड़ताल, महंगाई भत्ता का एरियर्स 7 वर्षों से लंबित

# मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रांतीय आह्वान पर हड़ताल द्वितीय दिवस जारी रहा।

मशाल रैली प्रेमाबाग प्रांगण से प्रारंभ होकर , कुमार चौक, एसडीएम आफिस से होते हुए वापस प्रेमाबाग पहुंची, जिसमे पटवारी संघ, राजस्व निरीक्षक संघ, वन विभाग संघ, पंचायत सचिव संघ, शिक्षक फेडरेशन, लिपिक संघ,चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ,कोषालय संघ, खाद्य संघ, वाहन चालक संघ, श्रम विभाग संघ, अभियंता संघ, राजपत्रित अधिकारी संघ, पशु चिकित्सा विभाग, पीएचई संघ समेत 65 विभागों के कर्मचारी अधिकारी एक जुट होकर प्रेमाबाग में आंदोलनरत हैं। प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह , जिला संयोजक आरएस चंदे, महासचिव विश्वास भगत ने कहा कि आज कर्मचारी कार्यालय छोड़कर मशाल उठाकर चौक-चौराहों पर आने को मजबूर हैं, इसके लिए राज्य शासन पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार अपने कर्मचारी 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता दे रही है और राज्य शासन में 55 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता दिया जा रहा है, जबकि मोदी की गारंटी में शासन ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि जैसे ही केन्द्र शासन महंगाई भत्ता लागू करेगी वैसे ही तत्काल महंगाई भत्ता छग राज्य में कर्मचारियों को देने की बात कही गई थी, किंतु वादा खिलाफी कर आज तक नहीं दिया गया। प्रदेश में महंगाई भत्ता हजम करने की प्रथा चल पड़ी है, जिसे कर्मचारी अब बर्दास्त नहीं करेगा, महंगाई भत्ता का एरियर्स 7 वर्षो से लंबित है जिसे अभी तक नहीं दिया गया है फेडरेशन की मांग है कि महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि जारी किया जाए।

वर्तमान में छग में कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू नहीं है जो कि कई राज्यों में लागू है जिससे इमरजेंसी इलाज आपरेशन के लिए कर्मचारी को या तो लोन लेना पड़ता है या जमीन बेचनी पड़ती है जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। फेडरेशन की मांग है कि चिकित्सा सुविधा को कैसलेस किया जाए, अगली मांग में अवकाश नगदीकरण 300 करने ⏭ शेष पेज 4 पर

#### हड़ताल से वेतन भुगतान में होगा विलंब

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर कोषालय कर्मचारियों के तीन दिवसीय हड़ताल में शामिल होने के कारण इस माह कर्मचारियों को वेतन मिलने में विलंब हो सकता है। जिले के कोषालय कार्यालयों में कार्य ठप रहने से बिलों के निस्तारण और भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हुई है। फेडरेशन के नेतृत्व में कोषालय कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल का समर्थन किया है। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। हड़ताल के चलते शासकीय विभागों में वेतन, पेंशन एवं अन्य वित्तीय कार्य प्रभावित हुए हैं। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। वहीं आम कर्मचारियों में वेतन विलंब को लेकर चिंता देखी जा रही है।

### कबड्डी टीम में जिले के प्रतिभागी रहे शामिल

**अनूपपुर।** आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित राष्टीय पेसा महोत्सव में सांस्कृतिक व विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के पेसा राज्यों द्वारा सहभागिता निभाई गई। महोत्सव में पारंपरिक सामग्री एवं व्यंजन के स्टॉल के साथ ही विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसके तहत राष्टीय पेसा महोत्सव में पुरूष एवं महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें मध्यप्रदेश की टीम में अनूपपुर जिले के प्रतिभागियों ने हिस्सा लेते हुए खिताब मध्यप्रदेश के नाम अर्जित किया । पेसा जिला समन्वयक राजेश सिंह व खेल एवं युवक कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक कोतमा में मिथिलेश सिंह नेताम के नेतृत्व में पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के पुष्पराजगढ़ के बसंत कुमार सिंह, विक्रम सिंह, त्रिवेन्द्र कुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह सहित महिला टीम में जिले से पार्वती सिंह, सुषमारानी, चित्रा कोल, मोनू सिंह धुर्वे शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन

**अंबिकापुर।** सीनियर राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में सरगुजा के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि 9वीं सीनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप 2025–26 का आयोजन 28 से 30 दिसंबर तक चंडीगढ़ में किया गया है। इस प्रतियोगिता के लिए सरगुजा जिले से दो खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश गतका टीम में हुआ है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम के सीनियर वर्ग में सरगुजा जिले से सुष्मिता चौहान एवं शिवरतन का चयन उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। सरगुजा गतका कोऑर्डिनेटर रजत सिंह ने कहा कि गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित रूप से गतका का अभ्यास कराया जाता है, जहां से लगातार खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे चलकर खेलो इंडिया जैसे आयोजनों में भाग लेने का अवसर भी मिल सकता है। इस अवसर पर द गतका एसोसिएशन सरगुजा के सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने चयनित दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### श्री अग्रसेन प्रतिमा स्थापना आयोग के विजयराज बने प्रदेश संयोजक

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से संबद्ध छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा विजयराज अग्रवाल को भगवान श्री अग्रसेन प्रतिमा स्थापना आयोग का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है,अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से समबद्ध छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल रायपुर द्वारा विजयराज अग्रवाल की नियुक्ति की गई है,प्रदेश अध्यक्ष ने नियुक्ति प्रदान करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि विजयराज अग्रवाल के द्वारा पूरे प्रदेश के समस्त नगर पंचायत,नगर पालिका, नगर निगम एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में भगवान महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित हो। विजयराज अग्रवाल ने भगवान अग्रसेन की जीवनगाथा के बारे में बताते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पूज्यनीय प्राचीन राजा थे,जो सामाजिक न्याय एवं सांप्रदायिक सद्भाव के सिद्धांतों के लिए जाने जाते थे। उन्हें अपने राज्य में समानता और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए याद किया जाता है,जिन्होंने अग्रवाल समुदाय के उद्यमशीलता और परोपकार के मुल्यों की नींव रखी,उनके नेतृत्व और सुधारों ने सामाजिक मुल्यों पर अमिट प्रभाव छोड़ा है,भगवान अग्रसेन द्वारा व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देना उनके शासन का एक और महत्वपूर्ण स्तंभ था,उन्होंने आर्थिक गतिविधियों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया।



### मतरिगा पोलिंग बूथ में युवाओं ने सुनी मन की बात



**केदमा।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत रामगढ़ मंडल के मतरिंगा पोलिंग बूथ में युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यस्थल में ही सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 129 वीं बार मन की बात कार्यक्रम से देश को संबोधित किया। इस वर्ष का यह अंतिम मन की बात कार्यक्रम था। उन्होंने 2025 की उपलब्धियां के बारे में बात किया और 2026 में आने वाली नई चुनौतियों का भी जिक्र किया। साथ ही कहा की विकसित भारत बनाने में युवाओं का अहम भूमिका है और युवाओं की ओर ध्यान देना चाहिए।

### स्वास्थ्य शिविर में 88 महिलाओं ने कराया निःशुल्क परीक्षण



**बिश्रामपुर।** स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान के तहत दशहरा मैदान,एसईसीएल अस्पताल के सामने शिवानी महिला मंडल द्वारा महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया,शिविर का आयोजन श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ,कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिवानी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अल्पना सिंह ने कहा कि महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की आधारशिला है,शिविर में महिलाओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच,चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 88 महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल की सक्रिय सदस्य श्रीमती सुनीता कुमारी,जया रामन्ना, महिमा सिंह,निशा श्रीवास्तव एवं ज्योति शर्मा का विशेष योगदान रहा,शिविर में एएमओ डॉ यूएस बैठा,डॉ संगीता, डॉ सत्यपाल, डॉ हर्षवर्धन सहित अस्पताल के अन्य स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं और महिलाओं को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

## लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल से कार्यालयों में लटका ताला, काम काज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल से सरगुजा में काम काज ठप हो गया है। हड़ताल के कारण शासकीय कार्यालयों में ताला लटका रहा और काम प्रभावित रहा। हडताल के कारण दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान फेडरेशन ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही सरकार पर जमकर हमला बोला और मोदी की गारंटी के तहत घोषणापत्र में किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग की।

**खास बात**

- धरना प्रदर्शन करने के साथ ही घोषणा पत्र में किए वादे को पूर्ण करने की मांग

बता दें कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता प्रदान करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा चरणबद्ध आन्दोलन किया जा रहा है। आन्दोलन के तहत फेडरेशन ने मोदी की गारंटी के तहत चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूर्ण करने की मांग को लेकर फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपने के साथ ही सामूहिक अवकाश लेकर तीन दिवसीय हड़ताल की चेतावनी दी थी। इसी कड़ी में सोमवार को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले शासकीय कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल में हिस्सा लिया। इस दौरान शासकीय कार्यालयों में ताला लटका रहा। कलेक्टोरेट परिसर में मौजूद कार्यालयों में भी वीरानी छाई रही जबकि अन्य विभागों के कर्मचारी भी हडताल में रहे। इस हड़ताल में शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया जबकि स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने भी इस हडताल को अपना समर्थन दिया और आन्दोलन में शामिल हुए। हड़ताल के कारण सरगुजा के साथ ही सूरजपुर, बलरामपुर जिले में भी कार्यालयों में काम काज ठप रहा। इस दौरा दूर दराज से आए हुए लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और वे निराश होकर वापस लौटे। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल अगले दो दिन और जारी रहेगी।



धरना स्थल पर बैठे अधिकारी–कर्मचारी फेडरेशन के सदस्य।

### राजस्व न्यायालयों में बढ़ी तारीख

सोमवार से शुरू हुए तीन दिवसीय हड़ताल के कारण राजस्व न्यायालयों में भी कामकाज ठप रहा। हड़ताल के कारण अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय नहीं पहुंचे। ऐसे में राजस्व प्रकरणों के के मामलों की सुनवाई नहीं हो पाई और बाहर से आए पक्षकारों को भी लौटना पडा। सुनवाई नहीं होने के कारण फिलहाल सभी प्रकरणों की तिथि बढ़ा दी गई है।

### इन मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संघ का कहना है कि चुनाव के दौरान सरकार के वादा किया था कि रुके हुए महंगाई भत्ता को प्रदान किया जाएगा। सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत अपने घोषणा पत्र में वादा किया था लेकिन अब तक वादा पूर्ण नहीं किया गया। संघ ने डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, चार स्तरीय समयमान वेतनमानदेने, वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया करने, दैनिक, अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल आन्दोलन किया है।

# ठंड व धुंध के बीच सिख समाज द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



खालसा पंथ के संस्थापक एवं सिक्खों के दसवें गुरू सरबंशदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह साहेब जी के प्रकाश पर्व मनाने के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है,वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड व धुंध के बावजूद दृढ़ आस्था के बीच समाज द्वारा रोजाना सुबह तड़के नगर में शबद कीर्तन कर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से सेवादारों के निवास तक भ्रमण कर प्रभात फेरी निकाली जा रही है,प्रबंधन कमेटी द्वारा बताया गया कि 29 दिसंबर दिन सोमवार से निरंतर पांच दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जानी है,सोमवार को प्रथम प्रभात फेरी की सेवा सरदार जगदीश सिंह बग्गा परिवार की तरफ से आयोजित की गई,जहां साध संगत की मौजूदगी में गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन किया गया एवं अरदास समाप्ति पश्चात प्रसाद नाश्ता वितरण किया गया,इस दौरान प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह, जसबीर सिंह,मंजीत भामरा, रणबीर भामरा, गगनदीप सिंह बग्गा,इकजोत सिंह बग्गा, परमजीत सिंह,सुखदेव सिंह, सुविंदर सिंह, सुरजीत चावला,निंदर सिंह, गुरदीप माखीजा, मनप्रीत सोहल, इंदरराज भामरा, निंदर सिंह, प्रिंस ढिल्लों, मनी बग्गा, प्रिंसराज बग्गा उपस्थित रहे।



# भाजयुमो जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर निशांत सिंह सोलु का मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र गुप्ता इलु के नेतृत्व में रेस्ट हाउस परिसर में स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजयुमो को मजबूती प्रदान करने बूथ स्तर पर नये सदस्य बनाने होंगे ताकि बूथ स्तर पर भाजयुमो मजबूत हो सके। इसके अलावा बूथ स्तर पर बैठक करते हुए एसआईआर के सम्बंध में सभी को जागरूक करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद शहीद भगत सिंह चौक में मुग़ल एवं हिंदुओ को लेकर दिए गए बयान के विरोध में भाजयुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री नीरू मिस्त्री, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो आरडी चौहान, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बतौली नरेंद्र पैंकरा, मैनपाट चंद्रप्रकाश आदित्य अग्रवाल, समीर बेहरा, प्रमोद ठाकुर, संजय बेहरा, विकास गुप्ता, विशाल गुप्ता, संजय यादव, चन्दर मिंज, ओम यादव, विवेक चौहान, सहदेव पैंकरा, विशाल गुप्ता, मंजीत गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता, नंदकुमार, विकास एक्का, संकेत गुप्ता, किशन उपाध्याय, शौर्य सिंह, शिवम गुप्ता गोलू, जतिन गुप्ता, नवीन बड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

# नववर्ष के आगमन पर पलटन घाट में उमड़ रही सैलानियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शहर सीमा से लगभग एक किलोमीटर जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल पलटन घाट नववर्ष के अवसर पर सैलानियों का पसंदीदा केंद्र बना हुआ है। यह पर्यटन स्थल रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लुरगी के अंतर्गत आता है। प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के कारण यहां हर वर्ष दिसंबर के अंत से ही पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने लगती है।

- नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया साफ–सफाई का जायजा

नववर्ष के आगमन को लेकर संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए आज नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पार्षद सुमित गुप्ता, विजय रावत, अर्जुन दास एवं नगरपालिका कर्मचारियों की टीम के साथ पलटन घाट पहुंचे। उन्होंने पूरे घाट परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा समूचे पलटन घाट परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि 20 दिसंबर के बाद से ही पलटन घाट में सैलानियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी झारखंड राज्य से भी बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। विशेषकर 1 जनवरी को यहां की स्थिति अत्यंत व्यस्त हो जाती है, जहां दोपहिया और चारपहिया वाहनों को काफी दूर पहले ही पार्क करना पड़ता है। हजारों की संख्या में सैलानी घाट परिसर में एकत्रित होते हैं। पलटन घाट की नैसर्गिक खूबसूरती, पत्थरों की अद्भुत कलाकृतियां और चट्टानों के बीच से कल-कल करती कनहर नदी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करती है। नपा अध्यक्ष ने कहा कि सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें, गहरे पानी में जाने से बचें तथा बच्चों और बुजुर्गों को पत्थरों पर चढ़ने से रोकें। साथ ही उन्होंने पलटन घाट को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही।



पलटन घाट की सफाई करते कर्मचारी।

### राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सूरजपुर पारंपरिक वेशभूषा में हासिल किया प्रथम स्थान

**सूरजपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 23 से 25 दिसंबर तक राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बहतराई बिलासपुर में किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने सहभागिता की। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सूरजपुर से जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त दल ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में सूरजपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में रण विकास सिंह आरमों ने प्रथम स्थान तथा वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



# ग्राम झिंगादोहर जरूरतमंदों को बांटे कंबल व टोपी

**सोनगरा।** गायत्री परिवार द्वारा कड़ाके की ठंड में गरीब एवं असहाय परिवारों की सहायता हेतु एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। उप जोन संभाग प्रमुख प्रभारी भोला प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में 29 दिसंबर को विकास खंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत झींगादोहर के पंडो पारा स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद परिवारों को कंबल एवं गर्म टोपी वितरित की। भीषण ठंड के बीच आयोजित इस सेवा कार्य ने बस्ती में रहने वाले गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन में राहत पहुंचाई और उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि गायत्री परिवार केवल आध्यात्मिक जागरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सेवा, सद्भाव और समर्पण की भावना से किया गया यह कार्य समाज के अन्य संगठनों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ से जिला समन्वयक शिवशंकर कुशवाहा, अवधेश कुमार गोयल, पवन कुमार गर्ग, सरपंच सोनामनी अगरिया, रामायण गुप्ता, डीपी गुप्ता, शरद चंद्र द्विवेदी, श्रवण कुमार मिश्रा, अशोक सोनी, अनुराग द्विवेदी सहित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### सर्वेश्वरी समूह द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण

**अम्बिकापुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा पहाड़ी कोरवा व पण्डो जनजाति के बच्चों को गर्म स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया गया। जिले में भीषण ठंड को देखते हुए दूरस्थ क्षेत्र में निवासरत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को गर्म कपड़े, स्वेटर एवं टोपी, कंबल इत्यादि का वितरण किया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह अम्बिकापुर के द्वारा आयोजित इस आयोजन में शहर के गणमान्य मेजर अनिल सिंह, समर विजय तोमर, दिग्विजय सिंह ने लखनपुर ब्लॉक के ग्राम डांडकेशरा में वहा निवासरत पण्डो एवं पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों को टोपी, गर्म स्वेटर व कंबल आदि का वितरण भीषण ठंड से बचने हेतु किया गया। इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह से जुड़े मानवेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह, प्रभाकर सिंह, हीरा लाल ताम्रकर, आरएन सिंह, सुमित व अन्य सहित ग्राम डांडकेशरा के सरपंच व ग्रामीण भी उपस्थित थे।



# नगर के पंचदेव बस्ती द्वारा किया गया हिंदू महासम्मेलन, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

हिंदू जन जागरण समिति पंचदेव बस्ती द्वारा हिंदू महासम्मेलन का आयोजन दुर्गा पंडाल में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता स्थापित हो इस हेतु किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह विजय शर्मा ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष की उपलक्ष्य में समाज द्वारा हिंदू महासम्मेलन का आयोजन हिंदू समाज में समरसता का भाव प्रकट करने, भेद, भिन्नता को समाप्त करने और अपनी संस्कृति, परंपरा के प्रति गौरवान्वित अनुभव करें। इस प्रकार के आयोजन देश के प्रत्येक मंडल, नगर बस्ती पर देखने को मिल रहा है। पंच परिवर्तन के पांच बिंदु सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध को समाज अपने जीवन में आत्मसात करें। मातृ शक्ति के रूप में उपस्थित डॉ शिवांजलि सिंह ने परिवार में संस्कार, संयुक्त भाव, परिवार को जोड़ने सहित अन्य बिंदुओं पर जोर दिया। इस दौरान दिनेश गुप्ता, बजरंग जैन, अंकुर तिवारी, मुकेश गर्ग, शैलेश गोयल, भोला शंकर साहू, अंकित कोशरिया, प्रदीप देवांगन, आकाश राजपूत, अजय सिंह, बजरंग राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।




### ग्राम देवनकरा में हुआ भव्य हिन्दू महासम्मेलन

**प्रतापपुर।** ग्राम दवनकरा में आयोजित हिंदू धर्म महासम्मेलन अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, समाजसेवी, युवा एवं मातृशक्ति शामिल हुए। इसके अलावा कर्मा, शैला पारंपरिक लोक नृत्य की सहभागिता देखने को मिली। महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की मूल भावना, भारतीय संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र हित के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म मानवता, सेवा, सहिष्णुता और सद्भाव का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर धर्म, संस्कृति, शिक्षा और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए। वक्ताओं ने युवाओं से अपने संस्कारों को अपनाते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। महासम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं धार्मिक आयोजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



### ग्राम पंचायत सलका में हुआ हिन्दू समागम कार्यक्रम

**प्रेमनगर।** संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू समाज द्वारा पूरे देश भर में हिन्दू समागम, सम्मेलन का का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रेम नगर विकास खंड के ग्राम पंचायत सलका में हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता अरुण कुमार, विजय साहू, बबलू साहू, मुकेश दुबे,टेशमान,अनिता दास द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्लोक, गीत का वाचन किया गया। मुख्य वक्ता अरुण कुमार द्वारा सनातन हिन्दू संस्कृति के दर्शन तथा संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्मान्तरण जैसी समस्या हमारे समाज के सजगता के कमी के कारण उत्पन्न हुई है। इसको मिलकर दूर करना होगा। पंच परिवर्तन के सामाजिक जागरण के पथ चलकर ही हमारे घर संस्कार तथा राष्ट्र हितों की रक्षा किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन बबलू साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरिचरण, विनोद, गोकुल, धनी राम, नयन साय, सियम्बर, बिहारी, बसंत, राम उदय, केशव, जय राम सहित महिला पुरुष तथा बच्चे उपस्थित थे।




# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला प्रबंध समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एवं चेयरमैन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के नेतृत्व में तथा रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल की उपस्थिति में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस की सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं उनका विस्तार गांव-गांव तक करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

- गांव–गांव तक पहुंचेगी रेडक्रॉस की सेवाएं

कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन रेडक्रॉस की सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों में यूथ रेडक्रॉस का गठन, पंजीकरण एवं सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राइमरी से हाईस्कूल स्तर तक जूनियर रेडक्रॉस यूनिट्स बनाई जाएंगी। सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में फर्स्ट-एड बॉक्स उपलब्ध कराए जाएंगे तथा हेल्पलाइन नंबर दीवारों पर चस्पा किए जाएंगे, ताकि दुर्घटना या आपात स्थिति में छात्र-शिक्षक तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। सीएसआर फंडिंग एवं जिला खनिज न्यास के सहयोग से नवीन लाइफ-सपोर्ट आईसीयू एंबुलेंस, 21-सीटर बड़ी एंबुलेंस तथा 2-सीटर मोबाइल ब्लड कलेक्शन यूनिट प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। इससे दूरदराज क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को त्वरित एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि बाढ़, भारी बारिश, ओलावृष्टि एवं जलभराव जैसी आपदाओं के दौरान रेडक्रॉस द्वारा राहत सामग्री, प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस एवं वॉलंटियर्स की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रेडक्रॉस एवं जीवनदीप समिति की सभी एंबुलेंस पर शुल्क सूची चिपकाए जाएगें। कैशलेस भुगतान व्यवस्था भी प्रारंभ की जाएगी। जिला मुख्यालय में तीन दिवसीय आवासीय मेगा हेल्थ कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में वार्षिक बजट, आय-व्यय विवरण एवं ऑडिट पर गहन चर्चा कर सभी प्रस्ताव पारित किए गए।



# रामचरण की 'पेद्दी' में नजर आएंगे बोमन ईरानी...

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में हैं। दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वह इसकी हर अपटेड जानना चाहते हैं। इसी का नतीजा है कि फिल्म का पहला गाना 'चिकिरी चिकिरी' रिलीज होते ही छा गया। खबर है कि जाने माने अभिनेता बोमन ईरानी फिल्म 'पेद्दी' की शूटिंग का हिस्सा बन गए हैं। इस बात की जानकारी 'पेद्दी' के मेकर्स ने दी है। उन्होंने शूटिंग की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इस तस्वीर में बोमन ईरानी, निर्देशक बुची बाबू सना और सिनेमैटोग्राफर आर. रत्नावेलु के साथ नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style




# कृति
## पहले ऑडिशन का वीडियो हुआ वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन का एक वीडियो इस समय तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कृति सिर्फ 22 साल की हैं और वो मदद मांगती नजर आ रही हैं। कृति सेनन की गिनती मौजूदा वक्त की टॉप लीडिंग एक्ट्रेस में होती है। उनके पास फिल्मों की कतार लगी हुई है।

हाल ही में धनुष के साथ 'तेरे इश्क में'में नजर आईं कृति अब शाहिद कपूर के साथ 'कॉकटेल 2' में दिखाई देंगी। इस बीच सोशल मीडिया पर कृति सेनन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो कई साल पुराना है, जिसमें कृति अपना पहला ऑडिशन देते नजर आ रही हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कृति सफेद रंग की स्लीवलेस वन पीस में नजर आ रही हैं। बहुत हल्के मेकअप के साथ कृति कैमरे के सामने अपने प्रोफाइल के बारे में बता रही हैं। हाथ में कृति एक बोर्ड पकड़े हैं, जिस पर उनके बारे में लिखा है। इसमें कृति सेनन का नाम, उम्र, लंबाई और शूटिंग की डेट्स लिखी हुई हैं। इसके साथ ही उनके बारे में भी लिखा है, जिसमें बताया गया है कि उन्हें तैराकी आती है और अभी तक उन्होंने कोई भी एड तक शूट नहीं किया है। वीडियो में अपना प्रोफाइल बताते हुए कृति अपना परिचय देती हैं। एक्शन बोलने के बाद मुस्कुराते हुए कृति सेनन अंग्रेजी में अपना परिचय देते हुए अपना नाम बताती हैं। हाय, मैं कृति सेनन हूं। मेरी उम्र 22 साल है और मेरी लंबाई 5'9 है। ये है मेरी प्रोफाइल, इसके बाद वो अपनी लेफ्ट-राइट प्रोफाइल दिखाती हैं। इसके बाद उनसे पूछा जाता है कि क्या वे ऑडिशन की बताई गई तारीखों पर उपलब्ध हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जॉन को देख ओम की आती है याद...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज स्टार जॉन वोइट की तुलना अक्सर भारत के दिग्गज एक्टर्स नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी से होती है। इसके पीछे कुछ खास वजहें हैं। जॉन वोइट को साल 1969 की फिल्म 'मिडनाइट काउबॉय' से अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। उन्हें ऐसे कलाकार के रूप में याद किया जाता है जिनकी एक्टिंग दिखावे से दूर, भीतर तक झकझोर देने वाली रही है। इनका गहरा कनेक्शन एंजेलिना जोली से है। आज हम बात करने जा रहे हैं हॉलीवुड के उस एक्टर की जिन्हें देख कर अक्सर लोगों को ओम पुरी की याद आ जाती है।



# 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स वॉल्यूम 2' एक जनवरी को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की बहुचर्चित वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स की लोकप्रियता भारत में भी देखने को मिलती है। जिसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि हालिया रिलीज के तौर पर स्ट्रेंजर्स थिंग्स सीजन 5 का वॉल्यूम 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर टॉप पर ट्रेंड कर रहा है। इस साइंस-फिक्शन सीरीज की कहानी और पात्र फैंस को काफी पसंद आते हैं। मिली बॉबी ब्राउन स्टारर वेब सीरीज स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के अब तक दो वॉल्यूम नेटफ्लिक्स पर रिलीज किए जा चुके हैं, जिनमें मौजूद 7 एपिसोड ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। अब सभी फैंस स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5 के फाइनल वॉल्यूम और एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं, जिसे न्यू ईयर यानी 1 जनवरी 2026 को स्ट्रीम किया जाएगा। खासतौर पर सीरीज में इलेवन की भूमिका निभाने वालीं हॉलीवुड एक्ट्रेस मिली बॉबी ब्राउन हर किसी की फेवरेट मानी जाती हैं।



# इंडस्ट्री में चलता है पावर गेम और राजनीति

**मुंबई।** चित्रांगदा सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म और हालिया रिलीज फिल्म दोनों को लेकर चर्चाओं में हैं। एक ओर जहां उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'रात अकेली है: द बंसल मर्डर' को काफी तारीफें मिल रही हैं। वहीं, दूसरी ओर चित्रांगदा सलमान खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां'को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर सामने आया है। इस बीच चित्रांगदा ने इंडस्ट्री के अपने अनुभव को साझा किया। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में प्रभावशाली लोग आपके सामने कितनी चुनौतियां खड़ी कर सकते हैं। चित्रांगदा ने ये माना कि इंडस्ट्री में राजनीति और पावर गेम होता है। इंडस्ट्री के प्रभावशाली लोग हमेशा बाधाएं खड़ी करते हैं, खासकर जब दांव ऊंचे हों।



# बॉर्डर-2 के गीत का टीजर जारी...

**मुंबई।** 'बॉर्डर 2' के मच अवेटेड सॉन्ग 'घर कब आओगे'का टीजर सामने आया है। इस बारे गाने को दो नहीं, बल्कि चार दिग्गज गायकों ने अपनी आवाज दी है। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म के टीजर के बाद से ही फैंस फिल्म के 'घर कब आओगे' गाने का इंतजार कर रहे हैं। यह 'बॉर्डर'के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। गाने के टीजर में इसके कलाकारों के नामों का उल्लेख किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

## टीवी मसाला



# पहली बार बिग बी के सामने हॉट सीट पर बैठे कुमार मंगलम बिरला

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 के मंच पर इतिहास रचने जा रहा है। पहली बार शो के मंच पर देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला शिरकत करने जा रहे हैं। वो केबीसी 17 के फिनाले वीक के खास मेहमान के तौर पर सेट पर पहुंचे। अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर विराजमान होकर कुमार मंगलम बिरला ने अपने सबसे बड़े डर का खुलासा किया। एंटरटेनमेंट जगत के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब देश के जाने-माने बिजनेसमैन कुमार मंगलम बिरला हॉट सीट पर विराजमान होंगे। केबीसी के प्रोमो में अमिताभ बच्चन दिग्गज उद्योगपति कुमार बिरला से पूछते हैं कि आखिर उन्होंने केबीसी के मंच पर आने में इतने साल क्यों लगाए. जिसका जवाब देते हुए उन्होंने अपना सबसे बड़ा डर साझा किया। अमिताभ बच्चन ने कुमार के हॉट सीट पर बैठते ही उनसे पूछा कि उन्होंने कई बार उन्हें शो में शामिल होने के लिए इनवाइट भेजा था, लेकिन वो कभी आए ही नहीं। इसकी वजह क्या थी। इसका जवाब देते हुए बिजनेसमैन कहते हैं कि उन्हें बस एक चीज का डर था जिसकी वजह से वो शो का हिस्सा बनने से कतरा रहे थे। वो कहते हैं कि वो भी काफी समय से शो का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उन्हें डर था कि अगर वो एक भी सही जवाब नहीं दे पाए तो अमिताभ बच्चन उनके बारे में क्या सोचेंगे। सोनी लिव ने केबीसी फिनाले का ये दमदार एपिसोड शेयर करते हुए लिखा, 'जब उद्देश्य की विजन से मुलाकात होती है। केबीसी 17 के पिछले एपिसोड में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और जयदीप अहलावत अपनी अपकमिंग फिल्म इक्कीस के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। ये बेहद मजेदार एपिसोड रहा था जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया।

## लव-कुश की शरारतों से तंग हुए रामानंद

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की 'रामायण' के सेट से जुड़ी यादें आज भी दर्शकों को रोमांचित कर देती हैं। भगवान राम की इस कालजयी कथा में 'लव और कुश' का किरदार निभाने वाले बाल कलाकार अपनी मासूमियत से सबका दिल जीत लेते थे, लेकिन पर्दे के पीछे वे बेहद शरारती थे। सेट पर इन नन्हे कलाकारों की मस्ती और धमाचौकड़ी से शूटिंग करना मुश्किल हो गया था। 'लव' और 'कुश' की शरारतें जब हद से ज्यादा बढ़ गईं, तब खुद रामानंद सागर ने उन्हें कंट्रोल करने के लिए सांप का सहारा लिया था। रामायण के उत्तर कांड में लव और कुश के किरदार बेहद महत्वपूर्ण थे। इन भूमिकाओं के लिए रामानंद सागर ने सबसे पहले अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा के जुड़वां बेटों (लव और कुश सिन्हा) को कास्ट करने की सोची थी। लेकिन, कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो सका। इसके बाद सागर ने बाल कलाकारों की तलाश शुरू की और उनकी नजर महाराष्ट्र के दो युवा लड़कों पर पड़ी, स्वप्निल जोशी (कुश का किरदार) और मयूरेश क्षेत्रमाडे (लव का किरदार)।



# रहस्य, रोमांच और डर के साथ प्रचंड टकराव...



**मुंबई।** साल 2026 की संक्रांति पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है पैन-इंडिया फिल्म 'द राजा साब'। प्रभास की इस फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है। लंबे समय बाद प्रभास एक ऐसे अवतार में लौट रहे हैं, जहां प्रेम, कॉमेडी और डर एक साथ कहानी में नजर आ रहा है। निर्देशक मारुति की इस फिल्म में रहस्यमयी अतीत की परतें खुलते हुए नजर आने वाली हैं। पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बनी यह फिल्म 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर की शुरुआत डरावने माहौल से होती है, जहां एक विशाल हवेली कहानी का केंद्र बनती है। इस हवेली से जुड़ा है एक खौफनाक राज, जिसका संबंध प्रभास के दादा के किरदार से है, जिसे संजय दत्त निभा रहे हैं। कहानी में दादा की मौत के बाद भी उनका प्रभाव खत्म नहीं होता, बल्कि उनकी आत्मा एक भयानक शक्ति के रूप में उसी हवेली में बस जाती है। यह आत्मा न सिर्फ अजेय नजर आती है, बल्कि हर उस शख्स को अपने वश में कर लेती है जो हवेली के भीतर कदम रखता है। भावनात्मक स्तर पर भी ट्रेलर एक संवेदनशील पोते की झलक भी दिखाता है। प्रभास का किरदार अपनी दादी (जरीना वहाब) के प्रति बेहद स्नेही और जिम्मेदार नजर आता है। लेकिन हालात तब भयावह हो जाते हैं जब दादा की आत्मा परिवार के ही लोगों के लिए खतरा बन जाती है। पत्नी और दोस्तों के साथ प्रभास एक ऐसी जंग में फंस जाता है, जहां सामने कोई आम इंसान नहीं, बल्कि खून के रिश्ते से जुड़ा डर है। हवेली को एक भूलभुलैया की तरह पेश किया गया है, जिसमें हर मोड़ पर नया रहस्य छिपा है।

# विंटर वेकेशन पर निकले कई सेलेब्स फैमिली संग करीना पहुंचीं स्विट्जरलैंड

**मुंबई।** साल 2025 को खत्म होने में चंद दिन बचे हैं। नए साल की तैयारियों में आम से लेकर खास लोग तक जुट गए हैं। कई सेलेब्स न्यू ईयर मनाने के लिए अलग-अलग जगहों पर जा रहे हैं या पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में करीना कपूर से लेकर दीपिका पादुकोण तक शामिल हैं। इनके अलावा भी कई सेलेब्स विंटर वेकेशन, न्यू ईयर के सेलिब्रेशन के लिए वेकेशन पर निकल चुके हैं।

करीना कपूर कुछ दिन पहले ही सैफ अली खान और अपने दोनों बेटों के साथ वेकेशन पर निकली थीं। रविवार को उन्होंने स्विट्जरलैंड से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह स्विट्जरलैंड की हसीन वादियों में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं, अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम गुजार रही हैं।







***न्यूयॉर्क में नजर आए दीपिका और रणवीर :*** फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद रणवीर सिंह को फैमिली के साथ वक्त गुजारने का मौका मिला है। वह और दीपिका न्यूयॉर्क में स्पॉट हुए हैं। दोनों को एक पार्टी में देखा गया। फैंस के साथ इस कपल ने फोटो क्लिक करवाए। ऐसा लगता है कि दोनों न्यूयॉर्क में नया साल मनाएंगे।

***उत्तराखंड में छुट्टियां मना रही हैं मौनी रॉय :*** मौनी रॉय ने भी रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वह अपनी दोस्त के साथ उत्तराखंड में सर्द मौसम का मजा ले रही हैं। मौनी रॉय ने उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों से कई तस्वीरें शेयर की हैं।

***ये सेलेब्स भी वेकेशन पर एंज्वॉय करते नजर आए:*** बड़े स्टार के अलावा यंग एक्टर्स को भी न्यू ईयर वेकेशन पर देखा गया। अभय वर्मा भी समंदर किनारे विंटर वेकेशन को एंज्वॉय करते दिखाई दिए। रणवीर कपूर को भी रविवार के दिन एयरपोर्ट पर देखा गया, वह भी वेकेशन पर जा रहे हैं।

## ऊपर आका, नीचे काका' ये कहावत थी काफी मशहूर

# इन फिल्मों ने राजेश खन्ना को बनाया बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार

***नई दिल्ली।*** *मौजूदा वक्त में किसी हीरो के लिए दीवानगी सिर्फ सेल्फी और ऑटोग्राफ तक सीमित रह गई है। लेकिन, बॉलीवुड में एक ऐसा कलाकार था जिसके लिए लड़कियां इस कदर दीवानी थीं कि उसके नाम का सिंदूर लगाती थीं। तो वहीं कुछ उस स्टार की फोटो के साथ ही साथ फेरे लेती थीं। यही नहीं, उस एक्टर के नाम पर न जाने कितने भिखारी भीख मांगते थे। उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते थे। वहीं, फिल्म के सेट पर उनके किस्से आज भी लोगों को सुनाए जाते हैं। ये कलाकार कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना हैं। 'ऊपर आका, नीचे काका' राजेश खन्ना के लिए ये कहावत काफी मशहूर थी। भारत के पहले सुपरस्टार का तमगा पाने वाले राजेश खन्ना के नाम बतौर हीरो लगातार 17 हिट फिल्में देने का रिकॉर्ड है। उन्होंने पांच फिल्मफेयर अपने नाम किए। जबकि साल 2013 में उन्हें भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत देश के तीसरे सर्वोच्च सम्मान पद्मभूषण से भी सम्मानित किया गया है। 1966 में फिल्म 'आखिरी खत'से अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाले राजेश खन्ना ने अपने चार दशक से भी लंबे कॅरियर में सफलता के शिखर से लेकर डाउनफॉल तक देखा।*

**राज** : राज'फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ बबीता प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। यह एक रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म को आज भी काफी पसंद किया जाता है।

**आराधना** : राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर स्टारर 'आराधना' राजेश खन्ना की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इस रोमांटिक-ड्रामा फिल्म को काफी पसंद किया गया था। फिल्म की कहानी आज भी लोगों को पसंद है। इस फिल्म से राजेश खन्ना बॉलीवुड के नए स्टार बन गए थे। इसके बाद ही उन्होंने लगातार 17 हिट फिल्में दीं। इस फिल्म को 17वें फिल्मफेयर अवॉर्ड में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला था।

**दो रास्ते** : राज खोसला द्वारा निर्देशित 'दो रास्ते'साल 1969 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ मुमताज, बलराज साहनी, कामिनी कौशल और प्रेम चोपड़ा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म को काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म ने राजेश खन्ना की पॉपुलर्टी में अहम भूमिका निभाई। आप इस फिल्म को आज भी एंजॉय कर सकते हैं।







**सच्चा झूठा** : राजेश खन्ना साल 1969 में चोरी पर आधारित एक शानदार फिल्म लेकर आए थे 'सच्चा झूठा'। फिल्म में राजेश खन्ना ने डबल रोल निभाया था। यह फिल्म आज भी उतनी ही पसंद की जाती है। फिल्म में राजेश खन्ना के साथ विनोद खन्ना और मुमताज भी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म में राजेश खन्ना के अभिनय को जमकर सराहा गया था और बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी उनके नाम रहा था।

**कटी पतंग** : राजेश खन्ना के सबसे पॉपुलर किरदारों में से एक है फिल्म 'कटी पतंग' का कमल सिन्हा। इस फिल्म में राजेश खन्ना की डायलॉग डिलीवरी और स्टाइल काफी पसंद किए गए थे। फिल्म में आशा पारेख और प्रेम चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इस फिल्म का गीत 'आज न छोड़ेंगे' आज भी होली पर जरूर ही सुनने को मिलता है। फिल्म में आशा पारेख ने एक विधवा का किरदार निभाया है। फिल्म बड़ी सरलता से एक संदेश भी देती है।

**आन मिलो सजना** : राजेश खन्ना, आशा पारेख और विनोद खन्ना स्टारर 'आन मिलो सजना' साल 1970 की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है। फिल्म में लव ट्रायंगल दिखाया गया है। फिल्म की कहानी की तरह ही इसके गाने भी काफी पसंद किए गए थे। आज भी इस फिल्म की अपनी फैन फॉलोइंग है।

**आनंद** : बाबूमोशाय जिंदगी बड़ी होनी चाहिए लंबी नहीं' ये राजेश खन्ना का सबसे आइकॉनिक डायलॉग है और उनकी सबसे आइकॉनिक फिल्म है 'आनंद'। आज भी न जाने कितनी फिल्मों में राजेश खन्ना के इस किरदार और इस फिल्म के डायलॉग्स को कॉपी किया जाता है। ऋषिकेश मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस फिल्म के डायलॉग गुलजार ने लिखे हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आए हैं। आज भी इस फिल्म को आप देखेंगे तो अंत में रो देंगे। फिल्म में राजेश खन्ना के निधन का सीन आज भी हिंदी सिनेमा के सबसे आइकॉनिक सीन में से एक माना जाता है।

**हाथी मेरे साथी** : 1971 में आई 'हाथी मेरे साथी' राजेश खन्ना के करियर की सबसे हिट फिल्मों में से एक है। फिल्म में एक अनाथ बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो चार हाथियों के साथ रहता है। इनमें रामू नाम का हाथी उसका सबसे करीबी है। कहानी में कॉमेडी और इमोशन सबकुछ है। राजेश खन्ना के अलावा फिल्म में तनुजा, मदन पुरी और सुजीत कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

## खबर संक्षेप

### कैलेण्डर वर्ष 2026 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित

**अंबिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक-04 के नियम-8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के लिए कैलेण्डर वर्ष 2026 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार, ढोल ग्यारस (करमा) 22 सितंबर 2026, दशहरा (महा अष्टमी) 19 अक्टूबर 2026 तथा दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 09 नवंबर 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कोषागार/उप कोषागारों के लिए यह अवकाश नहीं होगा।

### प्रत्येक सोमवार को सुबह 10.30 बजे से होगी समय-सीमा की बैठक

**अंबिकापुर।** जिले में सप्ताह में मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक अब आगामी सप्ताह से प्रत्येक सोमवार को सुबह 10.30 बजे से जिला कलेक्टरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। इस संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत ने सर्व कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर समय सीमा की बैठक में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होने कहा है। उन्होंने निर्देश जारी कर कहा है कि यदि कोई अधिकारी शासकीय कार्य या अन्य कारणों से बैठक में अनुपस्थित रहता है तो बैठक से 1 दिवस पूर्व अनुमति अवश्य प्राप्त करनी होगी। अपनी अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के रूप में विभाग के ऐसे अधिकारी को बैठक में भेजा जाए, जिसे विभागीय कार्यों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो। आदेशानुसार समस्त तहसीलदार एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रथम एवं तृतीय सोमवार में आयोजित होने वाले समय-सीमा की बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार नेतृत्व, उच्च शिक्षा और सामुदायिक उन्नति में परिवर्तनकारी योगदान के लिए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, रायपुर के सहयोग से राष्ट्रीय कृषि विकास सहकारी लिमिटेड द्वारा कृषि, पशु चिकित्सा और विज्ञान में सतत नवाचार विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदान किया गया।



## पृष्ठ 1 का शेष

### शासकीय कार्य में ...

निर्धारित किया गया है। तीनों निलंबित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के नेतृत्व में शासकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली में अनुशासन, मर्यादा और सुचारू संचालन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों के विरूद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। यह आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### मांगों को लेकर ...

की है जैसा मध्यप्रदेश में किया गया, किंतु छग में अवकाश नगदीकरण 250 है फेडरेशन की मांग है कि अवकाश नगदीकरण 300 किया जाए, अगली मांग में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करने की है। उपरोक्त मांगों को लेकर कर्मचारी धरने बैठ गए हैंऔर मशाल जलाने को मजबूर हैं। कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल में बैठे हैं।

**आम सूचना**

समक्षः- श्रीमान नोटरी महोदय, बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.

// शपथ पत्र //

मैं श्रीमती सुमीता पति स्व. बृजभान सिंह उम्र 36 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी क्वॉटर नं. 407 नेपाल गेट चरचा कॉलरी थाना चरचा तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. की निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करती हूँ:-

1. यह कि, मेरे पति स्व. बृजभान सिंह आ. स्व. गुलाब सिंह एस.ई.सी.एल. चरचा वेस्ट कॉलरी आर.ओ. में ट्रामर के पद पर कार्यरत थे जिनका एन.ई.आई.एस.नं. 23620230 है तथा मेरे पति बृजभान सिंह की मृत्यु दिनांक 28.03.2025 को हो चुकी है।

2. यह कि, मेरे पति स्व. बृजभान सिंह आ. स्व. गुलाब सिंह अपने सेवा अभिलेखों-पी.एस. 03 एवं पी.एस. 04 में मेरा नाम त्रुटिवश सुनीता सिंह ( SUNEETA SINGH ) दर्ज हो गया है।

3. यह कि, मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम सुमीता ( SUMEETA ) दर्ज है।

4 यह कि, उक्त दस्तावेजों में दर्ज दोनो नाम एक ही महिला के है जो कि मेरे ही नाम है उक्त दोनो नाम में कोई विवाद नही है तथा मेरे वैध उत्तराधिकारी मेरा पुत्र-संतोष सिंह उम्र 32 वर्ष एवं पुत्री-श्रीमती मीना सिंह उम्र 31 वर्ष है एतएव मैं हरिभूमि समाचार पत्र में ईश्तहार कराना चाहती हूँ जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

हस्ता. शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं श्रीमती सुमीता पति स्व. बृजमान सिंह यह सत्यापन करती हूँ कि उपरोक्त दर्शित शपथ पत्र की कण्डिका क्र. 1 से 4 तक का कथन मेरी स्वतः की जानकारी से सही एवं सत्य है, आज दिनांक 30.12.2025 को स्थान बैकुन्ठपुर में पढ़ व सुन समझ कर हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

हस्ता. शपथकर्ता

### पुलिस ने रकम बरामद करने के साथ ही दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# कर्मचारी ने व्यापारी के सिर पर वार कर लूट लिए 20 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देर रात व्यवसायी पर हमला कर 20 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है।

**खास बात**

- काम से निकालने से था नाराज था मुख्य आरोपी

लूट के चंद घंटों के भीतर ही पुलिस ने लूट की रकम बरामद कर ली जबकि अब इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पहले से व्यवसायी के मोबाइल दुकान में काम कर चुका है और काम से निकाले जाने का बदला लेने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट की कुल रकम 20 लाख रुपए बरामद कर लिया है।

बता दें कि शहर के राम मंदिर रोड स्थित मोबाइल फोन के थोक व फुटकर विक्रेता अनिल अग्रवाल रविवार की रात 9.30 बजे दुकान बंदकर स्कूटी से घर जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने दिनभर की कमाई लगभग 20 लाख रुपए को झोले में भरकर रखा था और रात को जब वे सत्तीपारा कैलाश मोड़ के समीप पहुंचे तो सड़क किनारे छिपकर खड़े एक युवक ने अचानक ही व्यवसायी पर बांस के डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से व्यवसायी अनिल अग्रवाल सड़क पर गिरने के साथ ही गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि हमलावर व्यवसायी के पास मौजूद रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गया। इस दौरान घायल व्यवसायी ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। व्यवसायी पर हमलाकर लूट की घटना से हड़कंप मच गया। मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची और घायल व्यवसायी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा रात में ही आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी रुपयों से भरा बैग लेकर भागते हुए नजर आ रहा था।




पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी।

#### छिपकर बैठे आरोपियों को पकड़ा

घटना के बाद कोतवाली पुलिस, साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की कुछ संदिग्ध जगदीशपुर में खेत में छिपकर बैठे हुए है जिसके बाद पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की तो आरोपी भाग निकले लेकिन भागते समय रुपयों से भरा बैग गिर गया जबकि आगे जाकर उन्होंने अपनी पल्सर बाइक को भी छोड़ दिया। इस दौरान पुलिस ने रात में ही 18 लाख रुपए बरामद कर लिए थे जबकि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। वहीं सोमवार की सुबह जगदीशपुर में खेत में छिपकर बैठे हुए आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान लखनपुर अमगसी खालपारा निवासी 24 वर्षीय दीपक दास आ. जयमंगल दास व मणिपुर थाना अंतर्गत भातुपारा निवासी रोहित दास आ. भकुस दास के रुप में की गई है। पुलिस ने आरोपियों से लूट के बाद बांटे गए 1-1 लाख रुपए को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 311, 309(6), 3(5) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा, प्रदीप जायसवाल, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, उनि सीपी तिवारी, सउनि अदीप सिंह, विवेक पांडेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, अजय पांडे, छत्रसाल सिंह, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, विवेक राय, नितिन सिन्हा, देवेंद्र पाठक सक्रिय रहे।

#### एक महीने से बना रहे थे योजना

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि लूट का मुख्य आरोपी दीपक दास पूर्व में व्यवसायी के दुकान में काम करता था लेकिन बाद में उसकी संदिग्ध गतिविधियों और गड़बड़ी के कारण व्यवसायी ने काम से निकाल दिया था और इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपी ने योजना बनाई थी। आरोपी दीपक दास को पहले से जानकारी थी कि व्यवसायी कब और कितना रुपए लेकर जाता है। आरोपी पिछले एक महीने से रेकी करने के साथ ही लूट की प्लानिंग बना रहा था और बीती रात उसने बांस के डंडे से हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

#### चल रही है जांच

पुलिस ने लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट की रकम 20 लाख रुपए बरामद कर लिया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा



## एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**बैकुण्ठपुर।** छग बटालियन एनसीसी कोरबा के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह शिविर 19 से 28 दिसंबर तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोरबा के प्रांगण में आयोजित किया गया था।

शिविर में कोरबा, कोरिया, सूरजपुर, एमसीबी, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा एवं रायगढ़ जिलों से कुल तीन बटालियन के लगभग 500 कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी एवं सैन्य अधिकारी शामिल हुए। शिविर के प्रारंभिक उद्बोधन में कैम्प कमांडेंट कर्नल सेंथिल कुमार एस. ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि सैन्य प्रशिक्षण से जीवन में अनुशासन, नेतृत्व और सफलता की दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि कैम्प में बिताया गया प्रत्येक क्षण जीवनभर स्मरणीय रहता है। इस शिविर में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर के एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में 42 कैडेट्स ने सहभागिता की। कड़ाके की ठंड में कैडेट्स ने कठिन सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, ड्रिल, फायर फाइटिंग, साइबर क्राइम, ट्रैफिक कंट्रोल सहित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स ने प्वाइंट 22 डीलक्स रायफल एवं 7.62 एमएसएलआर की हैंडलिंग व खोलना-जोड़ना सीखा। दौड़ प्रतियोगिता में कैडेट सीताराम एवं कैडेट रोहित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक प्राप्त किए। कैम्प कमांडेंट कर्नल सेंथिल कुमार एस. द्वारा कैडेट्स को अग्निवीर योजना एवं भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए फर्स्ट ऑफिसर संजीव कुमार जायसवाल को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया तथा कंटिजेंट कमांडर सार्जेंट मेजर सोमिल कुमार एवं सार्जेंट दिनेश कुमार को मेडल से सम्मानित किया गया। कैम्प के सफल संचालन में सूबेदार मेजर डूंगर सिंह, नायब सूबेदार जितेन्द्र सिंह, सूबेदार जनरैल सिंह, नायब सूबेदार महेश शर्मा, बीएचएम पापू चेतिया, हवलदार महेश पाटिल, अविनाश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, इंदर सिंह सहित एनसीसी अधिकारी कैप्टन राजेन्द्र सिंह, लेफ्टिनेंट ईश्वरी सूर्यवंशी, फर्स्ट ऑफिसर दिनेश चतुर्वेदी, सेकंड ऑफिसर सुनील दत्त तिवारी, थर्ड ऑफिसर शिव नारायण सिंह, मुकलाल खैरवार, सावन साहू, भुवनेश्वर कंवर एवं अन्य अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। कैम्प से लौटने पर विद्यालय परिवार द्वारा कैडेट्स का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, पूर्व एनसीसी अधिकारी आरपी सिंह, यूएस शुक्ला, सेवानिवृत्त शिक्षक आदित्य नारायण मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद सोनी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम हंसूली के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। बाइक सवार दोस्त को उसके घर छोड़कर वापस लौट रहे थे। ग्राम केपी निवासी महेश तिवारी आ. शिव परवेश तिवारी (23 वर्ष) रविवार को ग्राम हंसूली निवासी दोस्त को छोड़ने बाइक से उसके घर गया था। दोस्त को उसके घर छोड़ने के बाद एक अन्य दोस्त के साथ वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान हंसूली में ही विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महेश तिवारी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## धान खरीदी, अपार आईडी समेत कई मुद्दों पर बैठक

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी की प्रगति के संबंध में सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड, राजस्व तथा नोडल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑनलाइन टोकन नहीं कटने से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने को कहा, वहीं रकबा समर्पण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम की भव्य और सुव्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक विद्यार्थी का अपार आईडी में पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अपार आईडी एक ऑटोमेटेड परमानेंट अकैडमिक अकाउंट रजिस्ट्री है, जिसमें विद्यार्थियों के समस्त शैक्षणिक रिकॉर्ड एवं उपलब्धियां डिजिटल रूप से सुरक्षित रहती हैं।

यह आईडी सरकारी एवं निजी दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए लागू है। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा कि विभिन्न कार्यों के लंबित देयकों का भुगतान शीघ्र करें। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने जनदर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों के लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए।

## सादगी से करें नए साल का स्वागत, नशे से दूर रहें



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नशा मुक्त भारत अभियान एवं नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के संबंध में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से गांजा, अफीम एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में मादक पदार्थों की बिक्री न हो तथा संदिग्ध स्थानों की पहचान कर संयुक्त रूप से नियमित जांच की जाए। कलेक्टर ने मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर सतत निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शासकीय संस्थानों के आसपास किसी भी स्तर पर नशीले पदार्थों की बिक्री न होने दी जाए। उन्होंने कहा कि नए वर्ष के अवसर पर विशेष रूप से युवा वर्ग द्वारा शराब सेवन कर तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं सामने आती हैं, जिस पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहीं भी अवैध शराब या गांजा बिक्री की सूचना मिलने पर आबकारी एवं पुलिस विभाग को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि केवल नशे के खिलाफ शपथ लेने मात्र से समाज नशा मुक्त नहीं होगा, बल्कि नशा को जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आमजन को जोड़ते हुए नशे के विरूद्ध निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। अंत में कलेक्टर ने आम नागरिकों से नए साल का स्वागत सादगी के साथ करने, नशे का सेवन न करने तथा तेज वाहन न चलाने की अपील की।

**कोरिया कॉलरी में हिंदू सम्मेलन**

## धर्मांतरण के विरूद्ध एकजुटता का संदेश

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के बाजार पारा स्थित दुर्गा पंडाल प्रांगण में एक दिवसीय भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातनी हिंदुओं को एकजुट कर समाज, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ धर्मांतरण के दुष्परिणामों के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इसके पश्चात महिला मंडल द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। भारत माता की जय और जय श्रीराम के जयघोष के बीच नन्हीं बच्चियों एवं कलाकारों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत शैला नृत्य ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। मुख्य वक्ता दीपक राम ने अपने संबोधन में कहा कि धर्मांतरण किसी भी समाज की सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करता है और सामाजिक विभाजन को जन्म देता है। हिंदू धर्म सहिष्णुता, मानवता और सर्वे भवन्तु सुखिनः के सिद्धांत पर आधारित है, इसलिए किसी भी प्रकार का दबाव, प्रलोभन या भय दिखाकर किया गया धर्मांतरण एवं लव जिहाद स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सेवा और जागरूकता के माध्यम से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं और महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं को जाने, समझें और गर्व के साथ अपनाएं। महिलाओं को लक्ष्य बनाकर किए जा रहे प्रलोभनपूर्ण धर्मांतरण पर विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। मातृशक्ति को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाकर ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान संभव है। इस हिंदू सम्मेलन ने कोरिया कॉलरी क्षेत्र में सामाजिक चेतना को नई दिशा दी और धर्मांतरण व लव जिहाद के विरोध में एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राष्टÑीय स्वयंसेवक संघ सह कार्यवाह ललितेश कुमार, सह जिला कार्यवाह देवेन्द्र सिंह, मदन मोहन शर्मा, पार्षद संदीप सोनवानी, कलावती, मोती प्रधान, तेज नारायण सिंह, सुशील सिंह, कैलन दास, अंकित अग्रवाल, शीला देवी, सुनील प्रमाणिक, सुरेश पोखरियाल, अनिरूद्ध प्रजापति सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### आरटीओ ई चालान भुगतान के लिए करें विभाग के वेबसाइट का उपयोग

**अंबिकापुर।** आरटीओ ई चालान के माध्यम से ठगी करने के मामले सामने आ रहे है। ठगों द्वारा विभाग का फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों से ठगी की जा रही है। जिसे लेकर विभाग ने विभाग ने लोगों से जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान किया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी ने बताया कि राज्य में आरटीओ ई चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं, जिसमें विभागीय वेबसाईट का क्लोन पेज बनाकर ई चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में छद्म तरीके से डराने वाले मैसेज के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते है। परिवहन विभाग द्वारा आम लोगों से यह आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक (जैसे एपीके फाईल, किसी व्यक्तिगत नंबर से भेजे गये मैसेज लिंक पर क्लिक न करें।

### फेडरेशन की हड़ताल के कारण शामिल नहीं हो पाए सभी सदस्य, अब 29 जनवरी को होगी सुनवाई

# फिर टल गई विधायक के जाति प्रमाण पत्र की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की जाति प्रमाण पत्र के मामले में होने वाली सुनवाई एक बार फिर से टल गई है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल के कारण सत्यापन समिति में शामिल सदस्य नहीं आए जिससे कोरम पूर्ति नहीं हो पाई। यही वजह है कि अब समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर ने 29 जनवरी को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। इधर अगली तिथि में सुनवाई कर प्रकरण का निराकरण नहीं करने पर समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

बता दें कि प्रतापपुर विस क्षेत्र से विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के जाति प्रमाण पत्र मामले को लेकर 29 दिसम्बर को जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति के समक्ष सुनवाई होनी थी। पिछली सुनवाई के दौरान एसडीएम कार्यालय वाड्रफनगर से कुछ दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए गए थे जिसके बाद सोमवार को यह सुनवाई होने वाली थी लेकिन इस बीच कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनरतले अधिकारी कर्मचारी हडताल पर चले गए है और इस हड़ताल का असर होने वाली सुनवाई पर भी पड़ा। सुनवाई के दौरान समिति के सदस्यों के मौजूद नहीं रहने के कारण समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर बलरामपुर ने प्रकरण की सुनवाई 29 जनवरी को करने की तिथि दी है। इसे लेकर विधायक की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता बृजेन्द्र पाठक ने बताया कि प्रारंभिक आपत्ति पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी है, जिस पर आज तर्क होना था। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण समिति के सदस्य उपस्थित नहीं थे, इसलिए सुनवाई संभव नहीं हो सकी। समिति अध्यक्ष द्वारा अब अगली सुनवाई 29 जनवरी 2026 को रखी गई है। वहीं इस मामले में सर्व आदिवासी समाज की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता डॉ. जेपी श्रीवास्तव ने बताया इस प्रकरण में हाईकोर्ट ने जल्द से जल्द प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए थे। नियम में भी 30 दिनों में निर्णय देने का प्रावधान है लेकिन अधिकारी लेट कर रहे है। पीठासीन अधिकारी ने यह भी कहा है कि दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क लिखित रूप में प्रस्तुत करें, जिसके बाद एक सप्ताह के भीतर निर्णय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण है, यह प्रमाणित करने का भार उनपर है जिनका जाति प्रमाण पत्र है लेकिन वे दस्तावेज देने को तैयार नहीं है। जाति प्रमाण पत्र में पिता कि जगह पति का नाम है। सरनेम बदलने से जाति नहीं बदल जाती है यह कानूनन अवैध है।

इधर इस मामले में आंदोलन की अगुवाई कर रहे अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कोरमपूर्ति के आभाव में तिथि बढ़ाई गई है लेकिन यदि अगली तिथि में सुनवाई कर हमें संतुष्ट नहीं किया जाता है तो आन्दोलन किया जाएगा।



## वी क्लब उड़ान ने जरुरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े



**बैकुण्ठपुर।** 27 दिसंबर को वी क्लब उड़ान की ओर से धार्मिक स्थल रमदईया में वी क्लब के सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर वहां उपस्थित जरूरत मंदों गर्म कपड़े वितरण किया, उन्हें स्वल्पाहार और चाय भी पिलाया गया और उनसे बातचीत कर उनकी परेशानियां और सुख-सुविधाओं के बारे में जाना गया साथ ही उन्हें सरकार द्वारा संचालित कई महत्वपूर्ण योजनाओं से अवगत करवाया गया। वृद्ध लोगों को वृद्धाआश्रम के बारे में बताया, जिससे वे वहां रहकर सरकारी सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं साथ बालगृह और आंगनबाड़ियों के बारे में बताया गया, जिससे जिन बच्चों के माता-पिता ना हो वे वहां जाकर बातचीत कर सहयोग ले सकते हैं। आंगनबाड़ी जमीन स्तर पर बहुत ही बढ़िया काम करती है और सबके पहुंच के दायरे में है साथ ही वी क्लब के सदस्यों ने पिकनिक का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के दौरान वी के अध्यक्ष बलजीत कौर जी सचिव मधु गुप्ता, रानी बड़ेरिया, सरोज पासवान, किरण भार्वे, बलजीत कुर्रे, अंजू पाण्डेय, स्नेहलता, रूचि बड़ेरिया, क्षमा बड़ेरिया, मंजू जीवनानी, अनिता मिश्रा, मनजिंदर कौर ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।